भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1140
उत्तर देने की तारीख-29/07/2026

पीएम श्री स्कूल योजना

1140 # श्री नरेश बंसल:
डा. परमार जशवंतसिंह सालमसिंहः
श्री राजेश परमानंद शुक्ला:
श्री मिथलेश कुमार:
श्री आदित्य प्रसाद:
श्री मयंककुमार नायक:
डा. संदीप कुमार पाठक:
श्री मनन कुमार मिश्र:
श्री सामिक भट्टाचार्य:
डा. मेधा विश्राम कुलकर्णी:
श्री सदानंद महालू शेट तानवड़े:
श्री सुभाष बराला:
श्री घनश्याम तिवाड़ी:
श्री उज्जवल देवराव निकम:

क्या ***शिक्षा*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पीएम श्री स्कूल योजना के अंतर्गत आज की तारीख तक कितने स्कूलों का चयन किया गया है;
(ख) तत्संबंधी राज्य-वार तथा संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) विगत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष तथा चालू वर्ष के दौरान इस योजना के अंतर्गत आवंटित, जारी की गई तथा उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा क्या है; और
(घ) यह सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं कि पीएम श्री स्कूल राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के कार्यान्वयन हेतु आदर्श संस्थानों के रूप में विकसित हों?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) और (ख): पीएम श्री योजना के तहत, अब तक, केविसं/नविस/एनसीईआरटी सहित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में कुल 13,092 स्कूलों को पीएम श्री स्कूलों के रूप में चयनित किया गया है। चयनित पीएम श्री

स्कूलों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या **अनुलग्नक** के रूप में संलग्न है। पीएम श्री स्कूलों का ब्यौरा पीएम श्री योजना की वेबसाइट के लिंक https://pmshri.education.gov.in/state पर देखा जा सकता है।

(ग): केंद्र प्रायोजित योजना पीएम श्री को वर्ष 2022 में मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित किया गया था, और वित्त वर्ष 2023-24 में निधि का आवंटन, जारी करना और उपयोग शुरू हुआ था। वित्त वर्ष 2023-24, वित्त वर्ष 2024-25, वित्त वर्ष 2025-26 और वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान पीएम श्री योजना के तहत केविसं/नविस/एनसीईआरटी सहित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए आवंटित, जारी और उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

(रुपए करोड़ में)

क्र.सं.	वित्तीय वर्ष	अनुमोदित पीएबी परिव्यय	अनुमोदित पीएबी परिव्यय का केंद्रीय हिस्सा	जारी की गई केंद्रीय निधियां	राज्य के हिस्से सहित उपयोग की गई निधियां
1	2023-24	3395.04	2520.34	1216.68	870.72
2	2024-25	8067.26	5808.72	3571.08	3636.23
3	2025-26	8849.50	6056.41	3105.63*	3903.01
4	2026-27	7752.49	5224.13	570.45*	194.86 (दिनांक 27.07.2026 की स्थिति के अनुसार)

* वित्तीय वर्ष 2025-26 से, पीएम श्री योजना को एसएनए स्पर्श पर शामिल किया गया है, इसलिए, यह आंकड़ा गैर विधान मंडल वाले संघ राज्य क्षेत्रों और केविसं/नविस/एनसीईआरटी को छोड़कर जारी मुख्य संस्वीकृति है।

(घ): पीएम श्री स्कूल राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की सभी पहलों को प्रदर्शित करते हैं, आदर्श स्कूल हैं, और पड़ोस के अन्य स्कूलों को बेंचमार्किंग नेतृत्व भी प्रदान करते हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुरूप, पीएम श्री योजना में इन पीएम श्री स्कूलों में 21 एनईपी घटकों नामत: कंप्यूटर लैब/आईसीटी लैब/स्मार्ट कक्षाएं, अच्छे फर्नीचर सहित पुस्तकालय, इंटरनेट सुविधा, कौशल शिक्षा, मार्गदर्शन और कैरियर काउंसलिंग, पूर्णत: सुसज्जित एकीकृत विज्ञान प्रयोगशाला/भौतिकी प्रयोगशाला/रसायन विज्ञान प्रयोगशाला/जीव विज्ञान प्रयोगशाला, अच्छी खेल सुविधाओं युक्त खेल का मैदान, स्कूल नवाचार परिषद, मिशन लाइफ के लिए युवा और इको क्लब, प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के लिए बिल्डिंग एज़ लर्निंग एड (बाला) सुविधाओं और जादुई पिटारा, छात्रों के लिए 10 बैगलेस दिन, बच्चों की उपस्थिति का पता करने के लिए चाइल्ड ट्रैकिंग सॉफ्टवेयर, हाथ धोने की पूरी तरह से कार्यात्मक सुविधा और शौचालय, ग्रीन स्कूल सुविधाएं आदि से परिपूर्ण करने का प्रावधान है।

*****

अनुलग्नक

'पीएम श्री स्कूल योजना' के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री नरेश बंसल, डा. परमार जशवंतसिंह सालमसिंह, श्री राजेश परमानंद शुक्ला, श्री मिथलेश कुमार, श्री आदित्य प्रसाद, श्री मयंककुमार नायक, डा. संदीप कुमार पाठक, श्री मनन कुमार मिश्र, श्री सामिक भट्टाचार्य, डा. मेधा विश्राम कुलकर्णी, श्री सदानंद महालू शेट तानवड़े, श्री सुभाष बराला, श्री घनश्याम तिवाड़ी, श्री उज्जवल देवराव निकम द्वारा दिनांक 29.07.2026 को पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1140 के उत्तर के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

चयनित पीएम श्री स्कूलों की राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या निम्नानुसार है:

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	पीएम श्री स्कूलों की संख्या
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	20
2	आंध्र प्रदेश	982
3	अरुणाचल प्रदेश	119
4	असम	447
5	बिहार	904
6	चंडीगढ़	6
7	छत्तीसगढ़	393
8	दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव	10
9	दिल्ली	46
10	गोवा	35
11	गुजरात	529
12	हरियाणा	300
13	हिमाचल प्रदेश	227
14	जम्मू और कश्मीर	427
15	झारखंड	413
16	कर्नाटक	660
17	केरल	47
18	लद्दाख	41
19	लक्षद्वीप	13
20	मध्य प्रदेश	944
21	महाराष्ट्र	946
22	मणिपुर	132
23	मेघालय	78
24	मिजोरम	45
25	नगालैंड	60
26	ओडिशा	840

27	पुडुचेरी	18
28	पंजाब	419
29	राजस्थान	749
30	सिक्किम	51
31	तमिलनाडु	36
32	तेलंगाना	832
33	त्रिपुरा	94
34	उत्तर प्रदेश	1888
35	उत्तराखंड	281
36	पश्चिम बंगाल	60
	कुल	**13,092**

*****